न्यूज़ 4NATION

पटना सिटी में नकली मसाला फैक्ट्री सील: होली पर खपाने की थी तैयारी, बिना लाइसेंस बन रहा था घी और रंग

Patna - होली के त्योहार के मद्देनजर मिलावटखोरों के खिलाफ पटना पुलिस पूरी तरह 'एक्टिव मोड' में आ गई है। बुधवार को पटना सिटी अनुमंडल के दीदारगंज और मालसलामी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर नकली मसाला, घी और रंग बनाने वाली फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ किया है। त्योहारों के दौरान बाजार में खाद्य पदार्थों की बढ़ती खपत का फायदा उठाकर असली के नाम पर नकली सामान खपाने वाले गिरोह पर यह एक बड़ी चोट मानी जा रही है।

Source: https://news4nation.com/bihar/patna/patna-city-fake-masala-factory-sealed-didarganj-police-raid-948852